Title: Need to enquire into the alleged harassment meted out to SC & ST employees of the ordanance factory situated at Chandrapur, Maharashtra.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : अध्यक्ष महोद्य, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण के लिए. इस वर्ग के लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार तरह-तरह की योजनाएं बनाती है, लेकिन महाराट्र के चन्द्रपुर में एक आर्डीनेंस फेक्ट्री है। इसमें कार्यरत जो अनुसूचित एवं जनजाति के कर्मचारी हैं उन्होंने अपने रजिस्टर्ड ट्रेड यूनियन, संगठन द्वारा वहां के मैनेजमेंट से 17 फरवरी, 2004 को मीटिंग करने के लिए अनुमति मांगी थी। इसके लिए 5 फरवरी, 2004 को लिखित रूप से आवेदन भी किया, लेकिन मैनेजमेंट ने उन्हें उस परिसर के भीतर मीटिंग करने से मना कर दिया और उनके साथ अछूतों जैसा व्यवहार किया। इस स्थिति में उन कर्मचारियों ने परिसर के गेट के बाहर मीटिंग की और वहां के मैनेजमेंट ने उन कर्मचारियों का आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचाया तथा उनका इन्क्रीमेंट भी रोक दिया।

अत: मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस सारी घटना की जांच करके अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कर्मचारियों को संरक्षण प्रदान करके, उन्हें न्याय दिलाने में सहयोग करें और उनका जो इन्क्रीमेंट रोक दिया गया है, वह उन्हें दिलाया जाए तथा इसके लिए जो दोषी व्यक्ति हैं, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए।